# कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

Email: mandi.takhatpur@gmail.com


क्रमांक / मण्डी / स्था. / सीधी भर्ती / 2024–2025 / तखतपुर, दिनांक 14.11.2024

**प्रति,**

**श्रीमान् प्रबंध संचालक,**
**छ.ग. राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड,**
**रायपुर (छ.ग.)**

**विषयः– सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रारूप को मण्डी बोर्ड के वेबसाईड में अपलोड करने बाबत्।**

**संदर्भः– श्रीमान् प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड रायपुर का पत्र क / बी–1 / 2–1 / विविध / 2024–2025 / 4972 नवा रायपुर दिनांक 05.11.2024**

**––00––**

विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र द्वारा कृषि उपज मण्डी समिति तखतपुर जिला बिलासपुर में सहायक ग्रेड 03 के 02 पद को सीधी भर्ती से भरे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है उक्त संबंध में सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन का प्रारूप महाप्रबंधक छ.ग. संवाद रायपुर के माध्यम से राज्य स्तर पर प्रकाशित होने वाले हरभूमि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु दिया गया है जिसका पात्रता एवं शर्ते मण्डी बोर्ड मुख्यालय के वेबसाईड पर देखे जाने हेतु अपलोड करवाने की कृपा करेगें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार 04 पेज।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, तखतपुर
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / मण्डी / स्था. / सीधी भर्ती / 2024–2024 / 368 तखतपुर, दिनांक 14.11.2024

प्रतिलिपिः–

1. श्री लोकेश तिवारी, प्रोगामर, छ.ग. राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड रायपुर की ओर मण्डी बोर्ड की विभागीय वेबसाईड पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रारूप को अपलोड करने हेतु सम्प्रेषित।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, तखतपुर
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

# कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

Email: mandi.takhatpur@gmail.com

क्रमांक / मण्डी / स्था. / 2024–2025 / 366 तखतपुर, दिनांक 14/11/2024

**–:सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन:–**

कृषि उपज मण्डी समिति तखतपुर जिला–बिलासपुर (छ.ग.) के लिए सहायक ग्रेड 03 के नियमित पद हेतु छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासी, अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, सचिव कृषि उपज मण्डी समिति तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के पते पर **दिनांक 06 / 12 / 2024 को समय शाम 5.30 बजे** तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् एवं डाक द्वारा विलंब से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र | पद का नाम एवं वेतनमान | भर्ती प्रकिया | कुल रिक्तियां | रिक्त पदों का वर्गवार विवरण | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | | अनुसूचित जाति | | अनुसचित जनजाति | | अन्य पिछडा वर्ग | |
| | | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | सहायक ग्रेड 03 वेतन लेबल (4) वेतनमान 19500–62000 | सीधी भर्ती | 02 | 1 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 0 | 0 |

1. **भर्ती हेतु शर्तें एवं पात्रता :–**

   **01. सहायक ग्रेड 03 के पद हेतु :–**

   01. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण

       अथवा

       पुरानी हायर सेकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

   02. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर / प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा / प्रमाण–पत्र तथा कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी)

02. **भर्ती हेतु चयन प्रकिया :–**

   **01. सहायक ग्रेड 03**

   1. सहायक ग्रेड 03 के लिए आवश्यक अर्हता पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की लिखित एवं कौशल परीक्षा ली जावेगी जिसकी सूचना पृथक से मण्डी कार्यालय द्वारा आवेदक को प्रेषित किया जावेगा।
   2. सहायक ग्रेड 03 के लिखित परीक्षा कुल 60 अंक का होगा जिसमें कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान 20 अंक, गणित 10 अंक, सामान्य ज्ञान 20 अंक, हिन्दी 10 अंक। कौशल परीक्षा 40 अंक (एम.एस. एक्सेल एवं एम.एस. वर्ड) का होगा।

3. लिखित परीक्षा में 40 प्रतिशत अर्थात् 24 या अधिक अंक पाने वाले को कौशल परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी। कौशल परीक्षा आई.टी.आई के माध्यम से लिया जावेगा।

**03. भर्ती के संबंध में सामान्य शर्तें:–**

01. दिनांक 01.07.2024 को अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से कम तथा 40 वर्ष से अधिक ना हो शासन द्वारा सीधी भर्ती के लिए समय–समय पर किसी भी वर्ग के लिए जो वित्त नियम के आदेशानुसार है। न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा निर्धारित की जावेगी वह मान्य होगी। छ.ग. शासन द्वारा निर्धारित आयु प्रमाण हेतु आंठवीं/ हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा का अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
02. अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा में छ.ग. शासन के नियमानुसार छूट दी जावेगी आयुसीमा में छूट के संबंध में प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
03. आवेदन पत्र में नियत स्थान पर स्वयं द्वारा सत्यापित हाल का पासपोर्ट साईज फोटा अनिवार्यतः चिपकायें। फोटो के अभाव में आवेदन पत्र स्वतः निरस्त मानी जावेगी।
04. आवेदक को आवेदन के साथ निर्धारित शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास एवं जाति प्रमाण पत्र की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करना आवश्यक है।
05. आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है तथा छ.ग. के रोजगार कार्यालय में विज्ञप्ति जारी होने के पूर्व जीवित पंजीयन होना आवश्यक है।
06. परीक्षा हेतु यात्रा ब्यय इस कार्यालय द्वारा किसी भी वर्ग के आवेदक को भुगतान नहीं किया जावेगा।
07. अपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र को बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिया जावेगा।
08. मण्डी समिति में कार्यरत् दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी 05 वर्ष तक मण्डी समिति की सेवा में होने तथा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हताऐं पूरी करता हो तथा नियुक्ति के समय उसकी आयु निर्धारित आयु सीमा के अंतर्गत रही हो तो 05 अंक **बोनस के रूप में प्रदाय किया जाकर प्राथमिकता दी जावेंगी।**
09. अभ्यर्थी द्वारा **सचिव कृषि उपज मण्डी समिति तखतपुर जिला बिलासपुर** को स्पीड पोस्ट एवं रजिस्टर्ड डाक द्वारा आवेदन प्रेषित किया जावेगा। सीधे कार्यालय में प्रस्तुत आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा एवं आवेदन निरस्त मानी जावेगी।

10. अभ्यर्थी को आवेदन में मूल निवास का स्थायी पता व वर्तमान निवास का पूर्ण विवरण सहित पता उल्लेखित करना आवश्यक है। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में उल्लेखित पते ही इस कार्यालय द्वारा पत्राचार की कार्यवाही की जावेगी।
11. छ.ग. शासन के नियमानुसार सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त व्यक्ति को 03 वर्ष की परीविक्षा अवधि पर रखा जावेगा।
12. किसी भी समय प्रक्रिया निरस्त करने का पूर्ण अधिकार मण्डी समिति के पास सुरक्षित रहेगी।

**04. मॉडल उत्तर (आन्सर) परीक्षा उपरांत मण्डी बोर्ड के वेबसाईट पर प्रकाशन कर दावा आपत्ति आंमत्रित किया जावेगा।**

**05. परीक्षा परिणाम छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड रायपुर के वेबसाईट www.agriportal.cg.nic.in/samb में प्रकाशित किया जावेगा।**

(आर. के. ध्रुव)
सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति तखतपुर
जिला–बिलासपुर (छ०ग०)

(ए.के. सत्यपाल)
भारसाधक
कृषि उपज मण्डी समिति तखतपुर
जिला–बिलासपुर (छ०ग०)